# कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश
## प्रेसनोट

## भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के 119 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को कारण बताओ नोटिस जारी

## 119 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों ने पिछले 06 सालों में कोई चुनाव नहीं लड़ा

## 14 जुलाई, 2025 तक अपना जवाब देने और 21 जुलाई, 2025 को सुनवाई होगी

लखनऊ : 09 जुलाई 2025

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के प्रावधानों के अंतर्गत पंजीकृत उत्तर प्रदेश राज्य के 119 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा वर्ष 2019 से वर्ष 2024 (06 वर्षो) के मध्य में आयोग द्वारा आयोजित निर्वाचनों में एक भी चुनाव नहीं लड़ने वाली पार्टियों को ''कारण बताओ नोटिस'' जारी करने के निर्देश मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 को दिए गए हैं। उक्त के क्रम में कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ने आयोग द्वारा चिन्हित अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दी है।

उ0प्र0 के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने अवगत कराया कि "कारण बताओ नोटिस" के सम्बंध में पार्टी के अध्यक्ष/महासचिव अपना प्रत्यावेदन, हलफनामा एवं सुसंगत अभिलेखों के साथ 14 जुलाई, 2025 तक कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0, चतुर्थ तल, विकास भवन, जनपथ मार्केट, लखनऊ–226001 को उपलब्ध करा सकते हैं एवं सुनवाई हेतु नियत 21 जुलाई, 2025 को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 के समक्ष कार्यालय समय के दौरान उपस्थित हो सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने यह भी अवगत कराया कि यदि पार्टी की ओर से कारण बताओ नोटिस के सम्बन्ध में निर्धारित तिथि के भीतर प्रत्यावेदन उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो यह माना जायेगा कि पार्टी को इस मामले में कुछ नहीं कहना है और पार्टी को राजनैतिक दलों की सूची से हटाये जाने के सम्बंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 की ओर से संस्तुति सहित प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित कर दिया जायेगा।

आयोग द्वारा चिन्हित 119 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दल को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा "कारण बताओ नोटिस" जारी किया गया है, जो पार्टी के पंजीकृत पते पर रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजा गया है। जनपदवार राजनीतिक दलों के नामों का विवरण एनेक्जर–1 में संलग्न है।

# एनेक्जर–1

| क्र0स0 | जनपद का नाम | राजनैतिक दल का नाम | राजनैतिक दलों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | |
| 01 | आगरा | भारत कल्याण पार्टी, ब्रज विकास पार्टी, लोकतांत्रिक युवा शक्ति पार्टी | 3 |
| 02 | अम्बेडकरनगर | नारायणी सेना | 1 |
| 03 | अयोध्या | अधिकार पार्टी | 1 |
| 04 | आजमगढ़ | नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट | 1 |
| 05 | बागपत | हरित प्रदेश विकास पार्टी | 1 |
| 06 | बहराइच | भारतीय किसान जनशक्ति पार्टी | 1 |
| 07 | बलिया | पूर्वांचल जनता दल | 1 |
| 08 | बरेली | भारतीय आर्य क्रान्ति मंच, भारतीय जनसमानता अधिकार पार्टी | 2 |
| 09 | भदोही | भारतीय जन प्रगति दल | 1 |
| 10 | बिजनौर | भारत दल, इंडियन बहुजन समाजवादी पार्टी, कठोर शासन पार्टी, नेशनल अमन पार्टी | 4 |
| 11 | बुलन्दशहर | अमन पार्टी ऑफ इण्डिया, संघर्ष पार्टी ऑफ इंडिया | 2 |
| 12 | देवरिया | आदर्श व्यवस्था पार्टी, भारतीय जन सभा, देश हित पार्टी, सम्पूर्ण समर्पण पार्टी | 4 |
| 13 | एटा | भारतीय डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट अलायंस पार्टी | 1 |
| 14 | फर्रूखाबाद | राष्ट्रीय संयुक्त पार्टी | 1 |
| 15 | फतेहपुर | आदर्श लोक दल | 1 |
| 16 | गौतमबुद्धनगर | हिंदुस्तान क्रांतिकारी दल, जनक्रान्ति समाज पार्टी, मदर इंडिया पार्टी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश विकास पार्टी, राष्ट्रीय मजदूर किसान पार्टी | 5 |
| 17 | गाजियाबाद | अखण्ड भारतीय कवच पार्टी, भारतीय संगठित पार्टी (एस), जय हिन्द जय भारत पार्टी, लोहिया संयुक्त समाजवादी पार्टी, लोकतांत्रिक मानवतावादी पार्टी,राष्ट्रवादी प्रजा दल, शांति मोर्चा | 7 |
| 18 | गोण्डा | सम्यक परिवर्तन पार्टी | 1 |
| 19 | गोरखपुर | बहुजन विजय पार्टी, इण्डियन सवर्ण समाज पार्टी | 2 |
| 20 | हापुड़ | राष्ट्रवादी प्रताप सेना | 1 |
| 21 | हाथरस | इंडियन विकास पार्टी | 1 |
| 22 | जौनपुर | आवाम अधिकार जागरण पाटी | 1 |
| 23 | झांसी | अखिल भारतीय किसान मजदूर मोर्चा, हिंद जन कांग्रेस, किसान रक्षा पार्टी, पीपुल्स एक्शन पार्टी | 4 |
| 24 | कन्नौज | इंडिया राइजिंग पार्टी | 1 |
| 25 | कानपुर नगर | भारत नवनिर्माण वोटर सेना, भारतीय जन सहयोग पार्टी, भ्रष्टाचार का अंत पार्टी, निर्धन समाज पार्टी आफ इण्डिया, समतावादी रिपब्लिकन पार्टी | 5 |
| 26 | कासगंज | अखिल राष्ट्रवादी पार्टी | 1 |
| 27 | लखनऊ | आदर्श मानवतावादी पार्टी, आदर्श राष्ट्रीय विकास पार्टी, अखिल | 29 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | भारतीय विकास कॉंग्रेस पार्टी, ऑल इण्डिया पिछड़ा जन समाज पार्टी, अपना दल, बहुजन उत्थान पार्टी (जी), भागीदारी क्रान्ति दल, भारती समुदाय पार्टी, भारतीय एकता मंच पार्टी, भारतीय जन मानस पार्टी, हाईटेक पार्टी, जन सेवक पार्टी, जन सृजन पार्टी, जन स्वाभाविक पार्टी, जन विकास पार्टी सेक्यूलर, महिला सशक्तिकरण पार्टी, नागरिक सेवा पार्टी(आर), न्यू मदर लैंड पार्टी, परम दिग्विजय दल, पैट्रियाटिक पार्टी ऑफ इण्डिया, राष्ट्रवादी कम्युनिस्ट पार्टी, राष्ट्रीय जनाधार पार्टी, राष्ट्रीय जनवादी पार्टी (क्रांतिकारी), राष्ट्रीय शहरी विकास पार्टी, सबकी पार्टी, समान भागीदारी पार्टी, स्वराज्य पार्टी ऑफ इंडिया, वैचारिक क्रान्ति पार्टी, विकास पार्टी | |
| 28 | महोबा | युवा जनता पार्टी | 1 |
| 29 | मथुरा | भारतीय सत्यार्थ संगठन | 1 |
| 30 | मऊ | देशभक्त निर्माण पार्टी, कौमी एकता दल | 2 |
| 31 | मिर्जापुर | भारतीय छात्रसंघ भारत | 1 |
| 32 | मुरादाबाद | किसान शक्ति जनतांत्रिक पार्टी, राष्ट्रीय कॉंग्रेस (जे) पार्टी | 2 |
| 33 | मुजफ्फरनगर | भारत जनता दल (तुगलक), मार्क्सवादी जनता पार्टी | 2 |
| 34 | प्रतापगढ़ | भारतीय समाज दल | 1 |
| 35 | प्रयागराज | आर्थिक व्यवस्था परिवर्तन पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय बहुजन समाज विकास पार्टी, भारतीय संगम पार्टी, राष्ट्रीय मानव सम्मान पार्टी | 4 |
| 36 | रायबरेली | भारतीय अहिंसा पार्टी | 1 |
| 37 | शाहजहांपुर | राजनैतिक क्रान्ति दल | 1 |
| 38 | सिद्धार्थनगर | भारतीय जन बेरोजगार छात्र दल | 1 |
| 39 | सीतापुर | आम जन मजदूर पार्टी | 1 |
| 40 | वाराणसी | अखिल भारतीय राष्ट्रीय परिवार पार्टी, ऑल इंडिया मानवाधिकार राजनैतिक दल, आजाद भारत पार्टी (यूनाईटेड), भारतीय सामाजिक क्रान्ति दल, भारतीय समाजवादी सेना, गाँधी एकता पार्टी, जय भारत समानता पार्टी, जनतंत्र पार्टी, लोक एकता पार्टी, लोक मानवाधिकार पार्टी, मानव कल्याण मंच, मानवाधिकार जनशक्ति पार्टी, निर्मल इण्डिया पार्टी, राष्ट्रीय समाजवादी जनक्रान्ति पार्टी, राष्ट्रीय संयुक्त समाज पार्टी, जनवादी पार्टी (सोशलिस्ट), नव जनक्रान्ति पार्टी, समता समाजवादी कॉंग्रेस पार्टी | 18 |
| | | | 119 |

—प्रदीप कुमार, सूचना अधिकारी